This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक..........................

7682

**B.Com. (बी. कॉम.)/I** **E-I**

Paper V — HINDI (A)

प्रश्न-पत्र V — हिंदी (क)

(भाषिक प्रयोग और क्षमता, संप्रेषण क्षमता, काव्य संकलन,

गद्य संकलन, द्रुतवाचन इत्यादि)

(प्रवेशवर्ष 2006 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) सुखिया सब संसार है, खायै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै॥
हिन्दू मूये राँम कहि, मूसलमान खुदाइ।
कहै कबीर सो जीवता, दुई मैं कदे न जाइ॥

**अथवा**

आशा आलोकित करती
मेरे जीवन के प्रतिक्षण।
हैं स्वर्ण-सूत्र से वलयित
मेरी असफलता के घन।
सुख भरे सुनहले बादल
रहते हैं मुझको घेरे।
विश्वास, प्रेम, साहस हैं
जीवन के साथी मेरे॥ 7

(ख) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जिन्हें कभी जीवन में मिला नहीं
सुख से भोजन दो जून
वे औरतें गाती हैं छप्पन व्यंजनों के गीत!
जिनके बच्चों ने खल्ली भी छुई नहीं
वे माताएँ गाती हैं पढ़े-लिखे पंडित
दामादों के गीत!



(i) 'वे औरतें गाती हैं छप्पन व्यंजनों के गीत'—इस पंक्ति में वर्णित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ii) ''पढ़े-लिखे पंडित दामादों के गीत'' से क्या तात्पर्य है ? 3,4

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

ऐसे दैवी वीर रुपया, पैसा, माल, धन का दान नहीं दिया करते। जब वे दान देने की इच्छा करते हैं तब अपने आपको हवन कर देते हैं। बुद्ध महाराज ने जब एक राजा को मृग मारते देखा तब अपना शरीर आगे कर दिया ताकि मृग बच जाए बुद्ध का शरीर चाहे चला जाए। ऐसे लोग कभी बड़े मौकों का इंतज़ार नहीं करते; छोटे मौकों को ही बड़ा बना देते हैं।

**अथवा**

मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे है; हृदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर! पशुओं की तरह उसका पेट और मानस समानान्तर रेखा में नहीं है! जिस दिन वह सीधे तनकर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की! 7

(ख) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज देश भारी संकट से गुजर रहा है। सभी नेता और मंत्री बेईमान और संकीर्ण विचारों के हैं। जो ईमानदार हैं, उनके पास अपना दिमाग नहीं है। मेरी लीडरशिप भी कमजोर है। मेरे अफसर मुझको धोखा देते हैं। जनता की भलाई के लिए मैंने पाँच माला योजनाएँ शुरू कीं, लेकिन ब्लॉकों के सरकारी कर्मचारी अपने घरों को भरने में लगे हैं।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।

(*ii*) लेखक देश पर कौनसे भारी संकट की चर्चा कर रहा है। 3,4

3. 'ठुकरा दो या प्यार करो' **अथवा** 'मधुप गुनगुना कर कह जाता.......' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। 10

4. 'विकलांग श्रद्धा का दौर' **अथवा** 'सच्ची वीरता' का सार लिखिए। 9

5. 'भोजपुरी' **अथवा** 'ब्रजभाषा' का संक्षिप्त परिचय लिखिए। 5



6. 'टिप्पण' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

प्रारूपण का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 5

7. (क) कोश की परिभाषा लिखते हुए 'विश्वकोश' की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

जमीन, किला, आदमी, समय, विश्व, ईमान, पुस्तक, काव्य।

(ख) 'कम्प्यूटर में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता' पर टिप्पणी लिखिए। 5

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के हिंदी प्रतिरूप लिखिए :

Currency, Idea, Audience, Finance, Depositer, Saving, Commerce, Investment. 6

8. (क) कार्यालयी पत्र-लेखन से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

प्रेस-विज्ञप्ति किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) विज्ञापन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अच्छे विज्ञापन के गुणों का उल्लेख कीजिए। 5

(ग) किसी **एक** विषय पर आलेख लिखिए : 7

*(i)* भारत में खेलों की स्थिति

*(ii)* राजनीति और भ्रष्टाचार

*(iii)* मॉल संस्कृति

*(iv)* भारत के गाँव।

9. 'इला' नाटक के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए :

*(i)* रानी श्रद्धा ने वशिष्ठ के सामने कौन-सी प्रतिज्ञा की थी ?

*(ii)* राजा मनु की सबसे बड़ी चिन्ता क्या थी ?



*(iii)* 'मनु' की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

'गोदान' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

*(i)* 'होरी' के चरित्र की किन्हीं **दो** विशेषताओं का सविस्तार वर्णन कीजिए।

*(ii)* 'गोबर' गाँव छोड़कर शहर क्यों भाग गया ?

*(iii)* मालती आधुनिक स्त्री का प्रतिनिधित्व करती है– स्पष्ट कीजिए। 5,5

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) सम्पत्ति पर लॉक के विचार

(ख) राजनीति सिद्धांत की प्रासंगिकता

(ग) नागरिकता के बारे में मार्शल का दृष्टिकोण

(घ) गरिमा और सामाजिक न्याय के बारे में अम्बेडकर के विचार ।



This question paper contains 4 printed pages]

Your Roll No. ..................................

**7692**

**B.Com./I** **E-I**

Paper V—POLITICAL SCIENCE

(Political Theory and Thought)

(Admissions of 2006 and onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. 'Politics is essentially the struggle for power.' Discuss.

'बुनियादी रूप से राजनीति शक्ति का संघर्ष है ।' विवेचना कीजिए ।

2. Discuss the nature and the scope of political theory.

राजनीति सिद्धांत की प्रकृति और दायरे की विवेचना कीजिए ।

3. Explain different dimensions of liberty. Is it compatible with equality ?

स्वतंत्रता के विभिन्न आयामों की व्याख्या कीजिए । क्या यह समानता से सुसंगत है ?

4. Examine different theories of rights.

अधिकार के विभिन्न सिद्धांतों का परीक्षण कीजिए ।

5. Analyze the liberal theory on the functions of the state.

राज्य के कार्यों के बारे में उदारवादी सिद्धांत का विश्लेषण कीजिए ।



6. Explain Rousseau's views on natural and social inequality.

प्राकृतिक और सामाजिक असमानता के बारे में रूसो के विचारों की व्याख्या कीजिए ।

7. 'Mill is the prophet of empty liberty.' Comment.

'मिल सारहीन स्वतंत्रता के मसीहा हैं ।' टिप्पणी कीजिए ।

8. Do you agree that Swaraj is multi-dimensional emancipation of individual in society ? Discuss.

क्या आप इस बात से सहमत हैं कि स्वराज समाज में व्यक्ति की बहु-आयामीय मुक्ति है ? विवेचना कीजिए ।

9. Analyze Lohia's view on four-pillared state and democracy.

चौखंभा राज और लोकतंत्र के बारे में लोहिया के दृष्टिकोण का विश्लेषण कीजिए ।

10. Write short notes on any *two* of the following :

(*a*) Locke on property

(*b*) Relevance of political theory

(*c*) Marshal's views on citizenship

(*d*) Ambedkar on dignity and social justice.